डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय)
सेक्टर–11 जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ–226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2025 / 1631 दिनांकः 20 मार्च, 2025

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः **शैक्षिक सत्र 2024–25 के विषम सेमेस्टर के द्वितीय चरण की परीक्षाओं से सम्बन्धित छात्र / छात्राओं के थ्योरी / प्रयोगात्मक (Theory/Practical) अंकों को ई0आर0पी0 पर अपलोड / प्रेषित किये जाने तथा हार्ड कापी विश्वविद्यालय में जमा किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में कृपया विश्वविद्यालय के पत्रांक ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2025 / 1578 दिनांक 17 फरवरी, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के माध्यम से शैक्षिक सत्र 2024–25 के विषम सेमेस्टर के द्वितीय चरण की परीक्षाओं से सम्बन्धित छात्र / छात्राओं के थ्योरी / प्रयोगात्मक (Theory/Practical) परीक्षा दिनांक 20 फरवरी, 2025 से 27 फरवरी के मध्य आयोजित कराये जाने तथा पत्रांक ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2025 / 1594 दिनांक 25 फरवरी, 2025 के माध्यम से थ्योरी / प्रयोगात्मक (Theory/Practical) अंकों को दिनांक 12 मार्च, 2025 तक ई0आर0पी0 पर अपलोड / प्रेषित किये जाने एवं दिनांक 20 मार्च, 2025 तक हार्ड कापी स्पाइरल बाइन्डिंग के साथ विश्वविद्यालय में जमा किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। किन्तु महाकुम्भ 2025 के दृष्टिगत जिन संस्थानों द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षा प्रयागराज एवं कौशाम्बी जिले में नहीं करायी जा सकी है, वो संस्थान दिनांक 22 मार्च, 2025 से 24 मार्च, 2025 के मध्य समस्त प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराते हुए दिनांक 25 मार्च, 2025 तक ई0आर0पी0 पर अपलोड / प्रेषित करें।

कतिपय संस्थानों द्वारा प्रयोगात्मक एवं सैत्रिक अंक ससमय ई0आर0पी0 पर अपलोड / प्रेषित नहीं किया गया है उन संस्थानों की प्रयोगात्मक एवं सैत्रिक अंक ई0आर0पी0 पर अपलोड किये जाने की तिथि विस्तारित करते हुए दिनांक 25 मार्च, 2025 तक की जाती है एवं हार्ड कापी स्पाइरल बाइन्डिंग के साथ दिनांक 30 मार्च, 2025 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराये। अन्य सभी संस्थान सम सेमेस्टर की कक्षाएं दिनांक 24.03.2025 से प्रारम्भ कर सकते हैं।

भवदीय,

20/03/2025

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ
3. प्रभारी ई0आर0पी0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त के सम्बन्ध में समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक